संख्याः /33–पी0एम0यू0–2014–1284/2013

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,
प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन एवं
अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्ध इकाई,
पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि,
उ0प्र0।

सेवा में,

जिलाधिकारी/अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्ध इकाई, बी0आर0जी0एफ0,
जनपद– अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बदायूं, चन्दौली, चित्रकूट, एटा, फतेहपुर, गोण्डा, गोरखपुर, फर्रूखाबाद, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, जौनपुर, कौशाम्बी, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, महराजगंज, महोबा, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, संतकबीरनगर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद, कासगंज एवं उन्नाव।

परियोजना प्रबन्ध इकाई (बी0आर0जी0एफ0) लखनऊः दिनांकः 19 जून, 2014

विषयः–पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2014–15 की अनुमोदित वार्षिक जिला योजना भारत सरकार को प्रेषित किया जाना।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या 674/33–3–2014–43/2014 दिनांक 09.04.2014 एवं पत्र सं0 804/33–पी0एम0यू0–2014–1284/2013, दिनांक 12.05.2014 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा गाइडलाइन्स के अनुरूप वर्ष 2014–15 की वार्षिक योजना तैयार कर जिला योजना समिति से अनुमोदित कराने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त के सम्बन्ध में पंचायतीराज मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं0 N-11019/1447/2012-BRGF(Vol-II) दिनांक 07.04.2014 द्वारा भारत सरकार ने वर्ष 2014–15 हेतु जनपदों के लिये सम्भावित धनराशि अनुमन्य की गयी है जिसके अनुरूप ही वार्षिक योजना तैयार की जानी है।

2. इस कार्यालय के उक्त पत्र दिनांक 12.05.2014 द्वारा वार्षिक योजना तैयार कर जिला योजना समिति से अनुमोदित कराकर परियोजना प्रबन्ध इकाई कार्यालय को दिनांक 16.06.2014 तक उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे किन्तु आज दिनांक तक किसी भी जनपद द्वारा वार्षिक योजना जिला योजना समिति से अनुमोदित कराकर उपलबध नहीं करायी गई है।

3. उक्त के क्रम में समीक्षा उपरान्त ज्ञात हुआ है कि मात्र जनपद फर्रूखाबाद की वार्षिक कार्ययोजना ही जिला योजना समिति से अनुमोदित हुई है। जनपद जालौन की कार्य योजना तैयार करके जिला पंचायत की बैठक में पारित करा ली गई है। जनपद–चित्रकूट, मिर्जापुर, हमीरपुर, सोनभद्र, एटा एवं कासगंज द्वारा ग्राम पंचायत की योजनाएं पूर्ण करके अपर मुख्य अधिकारी/नोडल अधिकारी को उपलब्ध करा दी गई हैं किन्तु अन्य किसी जनपद द्वारा अभी तक ग्राम पंचायतों की योजनाओं को भी ग्राम सभाओं में प्रस्ताव पारित कराकर नोडल अधिकारी को उपलबध नहीं कराया गया है, जो अत्यन्त खेदजनक है।

अतः उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्तानुसार वार्षिक कार्ययोजना तैयार कराने एवं जिला योजना समिति की बैठक आहूत कराकर, वार्षिक कार्ययोजना को अनुमोदित कराने के पश्चात् वार्षिक योजना की तीन प्रतियां तथा सम्बन्धित अभिलेख/विवरण यथाशीघ्र कार्यालय परियोजना प्रबंध इकाई, पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि लखनऊ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि भारत सरकार को योजनाएं प्रेषित की जा सके।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव/अध्यक्ष,
पी0एम0यू0

पत्रांक : 900/33–पी0एम0यू0–2014–1284/2013, तद्दिनांक

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त मण्डलायुक्त, बी0आर0जी0एफ0 मण्डल।
2. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, बी0आर0जी0एफ0 जनपद।
3. समस्त मण्डलीय उप निदेशक (पंचायत), बी0आर0जी0एफ0 मण्डल।
4. समस्त अपर मुख्य अधिकारी, बी0आर0जी0एफ0 जनपद।
5. समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, बी0आर0जी0एफ0 जनपद।
6. पंचायतीराज अनुभाग–3।

(एच0 एस0 चतुर्वेदी)
विशेष सचिव/परियोजना
निदेशक।